लापरवाही | खेतों में धधक रही गन्ने की पत्तियां, बड़े हादसों को खुला निमंत्रण

# गाडरवारा क्षेत्र में 'नरवाई' की आग से मंडराया बड़ा खतरा

**नवाभारत/ नरसिंहपुर / गाडरवारा।** गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों गन्ने की कटाई का सीजन चरम पर है। लेकिन, इसके साथ ही क्षेत्र में गन्ने के अवशेष (पराई/सूखी पत्तियां) जलाने का सिलसिला भी धड़ल्ले से शुरू हो गया है। प्रशासन की सख्त मनाही और भारी जुर्माने के प्रावधान के बावजूद, कई किसान खेतों में खुलेआम आग लगा रहे हैं। यह लापरवाही न केवल पर्यावरण को प्रदूषित कर रही है, बल्कि किसी बड़ी जनहानि या भीषण दुर्घटना का सबब भी बन सकती है।



### सड़कों पर स्मोक ब्लैंक, वाहन चालकों की जान जोखिम में

क्षेत्र के नेशनल हाईवे और मुख्य संपर्क मार्गों से लगे खेतों में जलाई जा रही नरवाई के कारण स्थिति भयावह हो गई है। धुएं का गुबार इतना घना होता है कि वाहन चालकों को कुछ ही फीट की दूरी पर देखना मुश्किल हो जाता है। विशेषकर सुबह और शाम के समय, धुएं और कोहरे के मिश्रण से जीरो विजिबिलिटी की स्थिति बन रही है, जिससे सड़क हादसों का खतरा कई गुना बढ़ गया है।

### खतरे में खड़ी फसलें और रिहायशी इलाके

हवा की दिशा बदलते ही यह आग नियंत्रित करना असंभव हो जाता है। बीते दिनों में भी ऐसी घटनाएं सामने आई हैं जहां एक खेत की आग ने आसपास की खड़ी फसलों और खलिहानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें रिहायशी इलाकों के करीब पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

### मिट्टी की सेहत पर दोहरा प्रहार

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि गन्ने की पराई जलाने से मिट्टी के भीतर मौजूद लाभदायक सूक्ष्म जीव और मित्र कीट जलकर नष्ट हो जाते हैं। इससे जमीन की उर्वरता तेजी से घट रही है। आग लगाने से होने वाला कार्बन उत्सर्जन हवा को जहरीला बना रहा है, जिससे बुजुर्गों और बच्चों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है।

### प्रशासन की सख्ती

लगेगा जुर्माना, कटेगी सरकारी सहायता प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नरवाई जलाना एक दंडनीय अपराध है। नियमों के मुताबिक अवशेष जलाने वाले किसानों पर 2,500 रुपये से लेकर 15,000 रुपये तक का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। बार-बार उल्लंघन करने वालों की मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि रोकी जा सकती है। जान-माल की हानि होने पर संबंधित किसान के विरुद्ध स्नङ्खक्रदर्ज करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### अपील : खाद बनाएं, आग न लगाएं

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे पत्तियों को जलाने के बजाय ट्रेस मल्चर मशीनों का उपयोग करें या डिकंपोजर डालकर उसे जैविक खाद में बदलें। इससे खेत की शक्ति बड़ेगी और वातावरण भी सुरक्षित रहेगा।

## छप्पन भोग और कन्या पूजन 22 को

**नवाभारत/ गाडरवारा।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के सुअवसर पर संस्कारधानी गाडरवारा में हर्षोल्लास के साथ विशेष उत्सव मनाया जाएगा। श्रीराम भक्त उत्सव समिति द्वारा आगामी 22 जनवरी 2026, गुरुवार को एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक अनुष्ठानों की रहेगी धूम समिति के सदस्यों ने बताया कि इस पावन अवसर पर भक्तिमय कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 56 भोग की झांकी और कन्या पूजन (कन्या भोजन) रहेगा। इसके साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए प्रति भोज (भंडारा) की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम की रूपरेखा दिनांक- 22 जनवरी 2026, दिन गुरुवार समय- शाम 7-00 बजे से रात्रि 9-00 बजे तक प्रमुख आयोजन 56 भोग, कन्या भोजन एवं प्रति भोज आयोजन स्थल यह भव्य समारोह दादा दरबार, बाबूजी स्टूडेंट हब के सामने, आदर्श स्कूल के पास, गाडरवारा में संपन्न होगा। नगरवासियों को सपरिवार आमंत्रण श्रीराम भक्त उत्सव समिति ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि वे इस गौरवशाली उत्सव में सपरिवार सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाएं और प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# मुख्य मार्ग पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा

- हद से ज्यादा बढ़े बारजे में क्षेत्रवासियों ने जताई आपत्ति
- प्रशासन की आंख के नीचे तानाशाही, जिम्मेदार मौन



**नवाभारत/ गोटेगांव।** स्थानीय नगर पालिका सीमा क्षेत्र के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में नियमों की अनियमिताओं को ताक पर रखकर बिना सक्षम स्वीकृत के भवन निर्माण का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। जिससे राजस्व विभाग को भारी नुकसान हो रहा है बीते दिनों कार्यालय नगर पालिका परिषद मे लिखित शिकायत वार्ड वासियो के द्वारा कि गई थी कि राजेन्द्र राय, बैनी प्रसाद राय के द्वारा बिना सक्षम स्वीकृत के स्वयं की भूमि मे भवन निर्माण कर लगभग 6- से 7 फुट बारजा बढाया जा रहा है इसी क्रम में गत दिनों पूर्व नगर पालिका टीम के द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया जहाॅ पाया गया कि जो शिकायत प्राप्त हुई वह सही है। संबंधित भवन स्वामी से संपर्क कर भवन निर्माण की सक्षम स्वीकृत लेने को कहाॅ गया जिसके संबंध मे संबंधित राजेन्द्र राय कार्यालय मे उपस्थित हुए जिन्हे भवन निर्माण संबंधी जानकारी दी जा कर उक्त प्लाट का समेकित कर एवं बड़े पुल पर निमित भवन का संपत्तिकर, शिक्षा उपकर समेकितकर उपकर की राशि लगभग 46000 के आस-पास जमा कराई एवं भवन निर्माण की पूर्व स्वीकृति 2012 मे ली गई थी संबंधित को आनलाईन भवन स्वीकृति लेने के बाद ही पुन- कार्य शुरू करे एवं जो 6-7- फुट का बारजा बढाया गया है उससे हटाने की समझाइस दी गई। लेकिन प्रशासन की आंख के नीचे आज तक बढाए बारजे को नहीं हटाया गया है बढ़ाए गए बारजे से न केवल अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद होंगे बल्कि सड़क के चौड़ीकरण में बाधा उत्पन्न होने के साथ-साथ नगर के सौंदरीकरण में बाधा उत्पन्न होगी तत्कालीन स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों जनप्रतिनिधियों ने औपचारिक कार्यवाही तो की लेकिन अब तक बारजे को हटाने का काम नहीं किया है देखना होगा कि क्या इस पर कोई अंकुश लगेगा या यूं ही शहर अतिक्रमण की चपेट में दबा रहेगा।

### शहर की सुंदरता का बाधक बना अतिक्रमण

शहर को सुंदर रखने प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रकार के हथकंडे अपनाए जाते हैं लेकिन अतिक्रमण की चपेट के कारण शहर में सुंदरता का अभाव बना हुआ है जिसकी मुख्य वजह अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण है। जब अतिक्रमण नगर के मुख्य मार्ग पर हो तो कैसे सुंदरता बने अत: शासन प्रशासन को बड़े पुल और पेट्रोल पंप के बीच बनाए जा रहे नए भवन के निर्माण बढ़ाए हुए बारजे को हटवाना चाहिए ताकि शहर की सुंदरता में चार चांद लग सके।

## श्री संकट मोचन मंदिर में हुई सामूहिक संगीतमय महाआरती

**नवाभारत/गोटेगांव।** विगतदिवस- बकतला स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में श्री रामभक्त हनुमान जी की महाआरती पं.दीपक तिवारी जी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ राध्यांश वर्मा पुत्र राहुल वर्मा द्वारा पूजन अर्चन किया गया संकट मोचन जी को बूंदी के लड्डू का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति,श्री हनुमान चालीसा,श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि



श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को संकट मोचन जी की संगीतमय महाआरती विगत 5 वर्षों से भी अधिक समय से एवं 318वें सप्ताह से निरंतर जारी हे साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई ।

## दूसरी क्रमोन्नति नहीं मिली शिक्षकों को, कोर्ट के आदेश को ठेंगा दिखा रहा शिक्षा विभाग

**नवाभारत/ साईंखेड़ा।** एक तरफ मध्यप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री केबिनेट में शिक्षकों को समयमान वेतनमान देने का निर्णय ले रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ शिक्षा विभाग के अधिकारी अपनी मनमानी के कारण शिक्षकों को उनके बाजिब हक से बंचित कर रहे हैं।हाल ही में मध्यप्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में प्रशासनिक उदासीनता का एक गंभीर उदाहरण सामने आया है, जहाँ वर्षों से सेवा दे रहे अनुभवी शिक्षक आज भी अपने वैधानिक अधिकारों के लिए जद्दोजहद करने को विवश हैं। वर्ष 1998-99 में शिक्षाकर्मी वर्ग-2 के रूप में नियुक्त, वर्ष 2010-11 में प्रथम क्रमोन्नति तथा 2012 में वरिष्ठ अध्यापक पद पर पदोन्नत होकर वर्तमान में उच्च माध्यमिक शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे शिक्षकों को, नियुक्ति के 24 वर्ष पूर्ण हो जाने के बावजूद अब तक द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ प्रदान नहीं किया गया है। यह स्थिति तब और भी चिंताजनक हो जाती है, जब यह तथ्य उजागर होता है कि जबलपुर संभाग को छोड़कर प्रदेश के अन्य सभी संभागों में 24 वर्षीय द्वितीय क्रमोन्नति के आदेश जारी किए जा चुके हैं तथा संबंधित शिक्षकों को इसका लाभ भी मिल रहा है। इसके विपरीत जबलपुर संभाग में वरिष्ठ शिक्षकों को इससे वंचित रखा गया है, जिसके परिणामस्वरूप गंभीर वेतन विसंगति उत्पन्न हो गई है। पूर्व जेडी प्राचीन जैन की हठधर्मिता के कारण वर्तमान स्थिति यह है कि कनिष्ठ शिक्षक अपने वरिष्ठ शिक्षकों से अधिक वेतन प्राप्त कर रहे हैं, जो न केवल सेवा नियमों के प्रतिकूल है, बल्कि अनुभव, वरिष्ठता और सम्मान की भावना पर भी आघात करता है। मामले की संवेदनशीलता तब और बढ़ जाती है, जब यह स्पष्ट होता है कि छिंदवाड़ा जिले के उच्च माध्यमिक शिक्षकों ने इस विषय में जबलपुर उच्च न्यायालय से स्पष्ट एवं बाध्यकारी आदेश प्राप्त कर लिए हैं। यह आदेश आयुक्त लोक शिक्षण के लिए पूर्णत: लागू करने योग्य है। इसके बावजूद, शिक्षकों द्वारा विधिवत अभ्यावेदन प्रस्तुत किए जाने के बाद भी आज तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे विभागीय निष्क्रियता और प्रशासनिक संवेदनहीनता उजागर होती है।

### इनका कहना है

शिक्षक संघ के माध्यम से क्रमोन्नति के संबंध में डीपीआई के अधिकारियों को अवगत कराया गया है, इसके वावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है ।
**नगेन्द्र कुमार त्रिपाठी,** प्रांतीय प्रवक्ता मध्यप्रदेश शिक्षक संघ

केवल जबलपुर संभाग के शिक्षकों को द्वितीय क्रमोन्नति के लाभ से बंचित रखा जाना समक्ष से परे है। साल भर बीत जाने के बाद भी शिक्षकों की समस्या का अधिकारियों द्वारा कोई समाधान नहीं किया गया है।
**मलखान सिंह मेहरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा**



## ठा .निरंजनसिंह महाविद्यालय में व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

**नवाभारत/ गोटेगांव** विगत दिवस स्थानीय शासकीय ठाकुर निरंजनसिंह महाविद्यालय में राष्टीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन योजना प्रभारी डॉ. एकता उपाध्याय के मार्गदर्शन में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया, व्याख्यान माला में बताया गयाकि हुनर से रोजगार एवं भारत सरकार द्वारा निधर्धारित लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत के सपने को सरकार करने के लिए स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका एवं देश के युवाओं को इस संबंध में भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया गयाकि स्वयं नौकरी मांगने की जगह नौकरी देने वाले बने जिससे बेरोजगारी को भी काम किया जा सके।

### एक नजर में



## साहित्यकार पूजा दिल्ली में सम्मानित

**नवभारत/ गाडरवारा।** स्थानीय लेखिका पूजा शिवा विश्वकर्मा को दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान से सम्मानित किया गया। साहित्य के क्षेत्र में पूजा अपना अग्रसर स्थान रखती है। उन्हे इससे पहले भी कई सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। साहित्य के माध्यम से पूजा ने मध्य प्रदेश के साथ-साथ अन्य प्रदेशों में भी अपना परचम लहराया है। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव,वेणी शंकर,नगेन्द्र त्रिपाठी,राजेश बरसैंया,विजय नामदेव,पोषराज मेहरा,मंजुला शर्मा,आशीष राय,समज्ञा स्थापक इत्यादि ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



## संस्कार भारती स्कूल में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

**नवभारत/ गोटेगांव।** बीते दिवस नगर के अग्रणी विद्यालय संस्कार भारती कैलाश नाथ तिवारी पब्लिक हाई स्कूल में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरसिंहपुर (म.प्र.) के निर्देशानुसार न्यायालय तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया ।सर्वप्रथम संस्कार भारती कैलाश नाथ तिवारी पब्लिक हाई स्कूल की संचालिका ने सिविल मजिस्ट्रेट सुश्री साक्षी शुक्ला का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। आयोजित शिविर में विधिक सेवा समिति अध्यक्ष/न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री साक्षी शुक्ला, विद्यालय संचालिका श्रेया उपाध्याय जेम्स मैथ्यू उर्मिल सोनपाली,और समस्त स्टाफ, पैरालीगल वॉलंटियर मनोज चौधरी, विधिक सेवा कर्मचारीगण तथा विद्यालय में अध्ययन रत समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष/न्यायिक मजिस्ट्रेट साक्षी शुक्ला द्वारा विद्यार्थियों को संविधान में निहित मूल अधिकारों एवं मूल कर्तव्यों की जानकारी दी गई। साथ ही पॉक्सो अधिनियम तथा नई आपराधिक धाराओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।इसके अतिरिक्त मोटर व्हीकल एक्ट,गुड टचङ्कबैड टच, सोशल मीडिया के सदुपयोग एवं दुरुपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में प्रारंभ की गई नालसा 2025 के अंतर्गत बच्चों हेतु संचालित आशा योजना 2025 के बारे में जानकारी दी गई।

## सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा

**नवाभारत/गोटेगांव।** विगत दिवस ग्राम कुकलाह पोनिया में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान साप्ताहिक का शुभारंभ कुकलाह के पास में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का विधिवत शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ कथा स्थल से ग्राम कुकलाह में पूजन अर्चन कलश स्थापना के साथ शुभारंभ किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है भव्य कलश यात्रा में महिलाए पुरुष कन्या श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल होंगे शुभारंभ सात दिनों तक चलने वाली इस अनुष्ठान में प्रतिदिन 2-00 बजे से 5-00 बजे तक कथा का आयोजन किया गया है कथा वाचन के लिए प्रसिद्ध पंडित ध्रुव देव महाराज बाबरिया वाले को आमंत्रित किया गया है जो भगवान श्री कृष्ण के दिव्य जीवन लीलाओं तथा प्रमुख प्रसंगों पर विस्तृत रूप से प्रकाश



## विधायक फूल सिंह बरैया का बयान कांग्रेस की सोच और संस्कृति का प्रतीक : इंजी .निशा सोनी

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा जिला मुख्यालय नरसिंहपुर ने भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया के द्वारा महिलाओं के विरुद्ध अनर्गल बयान बाजी के विरोध में आक्रोश व्यक्त करते हुए स्थानीय सुभाष पार्क चौराहे पर पुतला दहन किया गया। उपस्थित मातृशक्तियों ने होकर नारेबाजी करते हुए फूल सिंह भैया को कांग्रेस पार्टी से निष्कासित किए जाने की मांग की साथ ही साथ सार्वजनिक माफी की मांग कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद राहुल गांधी शर्म करो फूल सिंह बरैया मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पुतला दहन किया एवं महिलाओं ने बड़े आक्रोश के साथ अपनी उनके बयान पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष इंजी.निशा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि फूल सिंह बरैया का बयान कांग्रेस की सोच और संस्कृति का प्रतीक है यह वक्तव्य यह दर्शाता है कि कांग्रेस के नेताओं के मन में कितना सम्मान है यह बयान महिलाओं और एस.सी.-एस.टी. समाज के प्रति बीमार और विकृत मानसिकता की सोच को प्रदर्शित करता है ऐसे शब्द लोकतंत्र में अस्वीकार हैं। महिला कोई वस्तु या प्रदर्शन की चीज नहीं बल्कि वह सम्मान स्वाभिमान और अधिकारों का प्रतीक है।

## ओलंपियाड परीक्षा के द्वितीय चरण का हुआ समापन

**नवाभारत/तेंदूखेड़ा।** बच्चों में तार्किक ज्ञान को बढ़ाने एवं सामाजिक व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए शासन द्वारा समय-समय पर अनेक प्रकार से परीक्षाएं आयोजित कराई जाती हैं। बच्चे पुस्तिका ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक व व्यावहारिक ज्ञान को भी समझ सके। विगत 16 एवं 17 जनवरी को विकासखंड चांवरपाठा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में द्वितीय चरण की परीक्षा आयोजित की गई। ओलंपियाड परीक्षा के अंतर्गत प्रथम दिवस आयोजित परीक्षा में 272 बच्चों को चिन्हित किया गया था। जिसमें से 228 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति देकर परीक्षा में भाग लिया। वहीं परीक्षा के द्वितीय दिवस 17 जनवरी को 307 प्रतिभागियों को चिन्हित किया गया था। जिसमें से 280 प्रतिभागी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के द्वितीय दिवस डीपीसी एवं ए डीपीसी ने ओलंपियाड के द्वितीय चरण की प्रतियोगिता का



निरीक्षण किया। हमारे प्रतिनिधि को विकासखंड स्रोत समन्वयक ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के निर्देश अनुसार 16 एवं 17 जनवरी को यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित कराई गई। जिसमें लगभग लगभग 80 प्रतिशत उपस्थिति सभी प्रतिभागियों की रही। बच्चों को परीक्षा स्थल तक लाने के लिए सभी जन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस परीक्षा में सभी बच्चों को परीक्षा केंद्र पर पानी खाने पीने एवं लाने ले जाने के लिए उचित वाहन की भी व्यवस्था की गई थी। सभी शिक्षकों की परीक्षा स्थल पर पर्यवेक्षक के रूप में ड्यूटी भी लगाई गई थी। बच्चों ने खुशी खुशी ओलंपियाड की परीक्षा में भाग लिया ।डीपीसी एवं ए डीपीसी द्वारा आगामी परीक्षा के लिए बच्चों को शुभकामनाएं भी दी गई। ओलंपियाड परीक्षा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड स्रोत समन्वयक वरिष्ठ शिक्षक कंप्यूटर ऑपरेटर सहित सभी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षकों सभी जन शिक्षकों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहीं गन्ने से लदी डबल ट्रालियां

## डबल ट्रालियों व डंपरों से सड़कें असुरक्षित, फिर हुआ हादसा



**नवभारत/गाडरवारा।** गाडरवारा की यातायात व्यवस्था बुरी तरह बदहाल दिखाई दे रही है। सड़क पर निकल कर सुरक्षित कहीं पहुंचना या घर वापस आना वरदान साबित हो रहा है। इन दिनों सड़कों पर गन्ने की डबल ट्राली आतंक मचा रही है। भरपूर ओवरलोडिंग उस पर ट्रैक्टर में एक साथ दो ट्राली फंसा कर दौड़ाना फैशन बन चुका है। उस पर लम्बे अरसे से एनटीपीसी की राख और रेत गिट्टी के दौड़ रहे डम्पर, रही-सही कसर पूरी कर रहे हैं। इस समस्या से वैसे तो तहसील की सभी सडकें ग्रस्त हैं। लेकिन सबसे ज्यादा हादसे और आमजन की परेशानी ककराघाट रोड पर हो रही है। गाडरवारा से तेंदूखेड़ा तक जाने के दौरान दर्जनों डबल ट्राली और डम्पर देखे जा सकते हैं।

### बाइक सवार की हुई मौत

इसी प्रकार पलोहा निवासी एक व्यक्ति शुक्रवार को बाइक से जा रहे थे। तभी रास्ते में डबल ट्राली की टक्कर से ककराघाट रोड से जा रहीं गन्ने की डबल ट्राली। उन्होंने दम तोड़ दिया। शनिवार को ककराघाट रोड पर उनकी दुर्घटनाग्रस्त बाइक सड़क किनारे पड़ी हुई थी। ऐसे ही जगह-जगह हादसों में लोगों की मौत हो रही है। बानगी के लिए बारहा बड़ा में भी दो बाइक सवार डम्पर की चपेट में आ गए थे। जिसमें एक की मौके पर मौत की घटना के दो दिन बाद ककरा घाट रोड पर यह जानलेवा हादसा फिर हो गया।

### मिलीभगत के आरोप

इन बेलगाम और नियमों का उल्लंघन कर दौड़ रहे वाहनों पर कोई कार्रवाई न होने से अब आमजन पुलिस-प्रशासन के मिल संचालकों, एनटीपीसी से मिलीभगत के आरोप लगाने लगे है। कभी कभार दिखावे के लिए कार्रवाई होने के बाद सब पूर्ववत चलने लगता है। जबकि यदि प्रशासन ठान ले तो एक दिन में समस्या का समाधान किया जा सकता है। बहरहाल पूरे क्षेत्र में डबल ट्राली, ओवरलोडिंग, बिना रेडियम पट्टी की ट्रॉली, , खेतों में आग लगाने की मनाही के बावजूद जलाकर गन्ना काटा जाना, कहीं न कहीं सिस्टम की नाकामी उजागर कर रहे हैं। वहीं आमजन सड़क पर निकलने में हादसे से भयभीत हैं।



## डोंगरगांव पुलिस ने पकड़ा 1 लाख का गांजा

**नवभारत/चीचली नरसिंहपुर।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत डोंगरगांव पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक तस्कर को घेराबंदी कर दबोचा है, जिसके कब्जे से लगभग 5 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। जप्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख रुपए आंकी जा रही है। जानकारी के अनुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गाडरवारा रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में डोंगरगांव पुलिस की टीम क्षेत्र में कानून व्यवस्था के मद्देनजर भ्रमण पर थी। इसी दौरान कल्याणपुर-रायपुर रोड पर पुलिस टीम की नजर एक पैदल जा रहे व्यक्ति पर पड़ी। पुलिस वाहन को देखते ही वह व्यक्ति घबरा गया और खुद को छिपाने की कोशिश करने लगा। व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधियों को देख पुलिस टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया।